सार-समाचार

## नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी उपखंड क्षेत्र के गांव नौरंगपुरा में श्री बूढ़वाले बालाजी मंदिर में नौ दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ हुआ। इस दौरान पर महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली, जिसका ग्रामीणों की ओर से जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा राजसिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय से शुरू होकर गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए बूढवाले बालाजी धाम पर पहुंची। कलश यात्रा के दौरान महिलाओं ने डीजे की धुन पर नाचते गाते कलश यात्रा में भाग लिया। कथा के शुभारंभ से पहले दिन कथा वाचक रणवीर भाई शेखावाटी वाले ने कथा का वाचन किया। उन्होंने कहा कि राम कथा सुनने मात्र से ही मन पवित्र हो जाता है और सभी को राम कथा सुननी चाहिए।क इसमें भगवान राम के जीवन और उपदेशों का वर्णन है। राम कथा हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है और हमें अपने जीवन में भगवान राम के उपदेशों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। डॉ रामकुमार सिराधना ने बताया कि राम कथा का आयोजन हमें अपने जीवन में भगवान राम के उपदेशों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है और हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। सिराधना ने बताया कि हनुमान जी मंदिर बूढधाम नौरंगपुरा में प्रतिदिन दोपहर 12:15 बजे से सायं 03:15 बजे तक कथावाचक रणवीर भाई (शेखावाटी वाले) द्वारा राम कथा का वाचन किया जाएगा। इस मौके पर आयोजित महा आरती में ट्रस्ट के अध्यक्ष गोकुलचंद प्रजापति, सरपंच प्रतिनिधि ताराचंद भावरिया, डॉ रामकुमार सिराधना, मंजू कुमावत, कैप्टन महेश कुमार, प्रहलाद धुण सहित सैकडों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया

**तारानगर** (निसं)। लैब टेक्नीशियन संवर्ग की मांगों के समाधान के क्रम में अखिल राजस्थान लेबोरेट्री टेक्निशियन कर्मचारी संघ तारानगर ने उपखंड अधिकारी को दिया। संघ ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में नित नए संक्रमण भरी जांचों की संख्या का भार बढ़ता जा रहा है उन्हीं के तहत शैक्षिणक प्रशैक्षिणक योग्यता के अनुसार हरियाणा, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल सहित अनेको राज्यों में राजस्थान से कम शैक्षिणक प्रशैक्षिणक योग्यताओं के बावजूद ग्रेड पे 4200 मिल रही है वहीं राजस्थान में ग्रेड पे 2800 मिल रही है। संघ ने लैब टेक्नीशियन की ग्रेड पे 4200 की माँग दशकों से चली आ रही संवेदनशीलता के साथ ग्रेड पे 4200 की मांग को अभिलंब समाधान कराने, राजस्थान में लैब टेक्नीशियन के जांच/मरीजों के अनुपात में कैडर के पदों का 17 साल पुराना स्टाफिंग पैटर्न लागू है, जांच कार्य 8 से 10 गुना बढ़ चुका है अन्य कैडरों में पूर्व से ही पर्याप्त मात्रा में पद स्वीकृत है लेकिन लैब टेक्नीशियन संवर्ग में 17 साल पूर्व के स्टाफिंग पैटर्न में जांच कार्य के अनुसार पद सृजित नहीं है। जिसके चलते संवर्ग की पदोन्नित से लेकर नई भर्तियां तक प्रभावित हो रही है। जांचों की बढ़ती हुई संख्या एवं गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए लैब टेक्नीशियन के स्टाफिंग पैटर्न को बदलवाने आदि की मांग की है।

## अनुशा चौधरी का प्रदर्शनी के लिए चयन

**झुंझुनूं,** (निसं)। मंडावा रोड स्थित डूंडलोद पब्लिक स्कूल झुंझुनूं की कक्षा सात की अनुशा चौधरी का राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयन हुआ। प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह ने बताया कि बाल वैज्ञानिक ने एक मैजिक बैड बनाया है। जो कि दिव्यांगों, बुजूर्गों एवं ऐसे रोगी जो बिस्तर तक ही सीमित होते हैं, के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा एवं कीमत के मामले में हर आदमी की पहुंच में होगा। इस बैड में हवादार गद्दा लगा हुआ है। जिसके नीचे दो पंखे लगाए गए हैं। ताकि लम्बे समय तक एक ही अवस्था में बिस्तर पर रहने वालों की त्वचा जो कि नमी के कारण घाव धारण कर लेती है। वह घाव मुक्त रहेगी तथा रोगी को अच्छा अनुभव होगा, वह जल्दी ठीक हो जाएगा। यह बैड रिडिंग लैम्प, चार्जर पॉइंट, डस्टबिन, चलने के लिए छडी, दवा रखने के लिए ट्रे आदि से युक्त है। अनुशा को यह आइडिया बिस्तर पर असहज महसूस करने वाले रोगियों को देखकर आया तथा उसने इस पर काम करना शुरू किया। विद्यालय आगमन पर बाल वैज्ञानिक का भव्य स्वागत किया गया। संस्था सचिव बीएल रणवां, ऑवर ऑल इंचार्ज लीलावती, अध्यापक अरूलराज एवं समस्त स्टाफ ने ढेर सारी बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कलाकारों का सम्मान किया

**गुढ़ागौड़जी,** (निसं)। कस्बे में देशभक्ति पर आधारित बन रही फिल्म जीरो पॉइंट के निर्देशक क्षितिज कुमार व निर्माता ममता जैन, अभिनेत्री इशिका जैन व यूनिट के अन्य कलाकारों का फिल्म की शूटिंग के बाद रवाना होने से पूर्व सम्मान किया गया।भोडकी गांव के जमवाय माता के मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में लेखक व साहित्यकार राजकुमार सैनी ने यूनिट के सदस्यों को माल्यार्पण कर तथा स्वरचित "आपणो झुंझुनूं" नामक पुस्तक भेंट कर सम्मान किया। गौरतलब है कि परसदेवी प्रोडक्शन के बैनर तले बनाई जा रही फिल्म जीरो पॉइंट टीम कलाकार पिछले एक सप्ताह से जमवाय माता के मंदिर में शूटिंग के लिए ठहरे हुए हैं। कलाकारों ने पांच दिन तक गुढागौडजी व बड़ागांव में कई स्थानों पर फिल्म की शूटिंग की। जिसमें आसपास के गांवों के पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। अभिनेता क्षितिज कुमार ने फिल्म यूनिट को विभिन्न प्रकार की व्यवस्था देने के लिए जिले भर के लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। व्यवस्थापक शुभकरण गढवाल ने टीम का आभार जताया।

## फागोत्सव के तहत भजन संध्या 24 को

**चूरू** (निसं)। श्री श्याम एकादशी भक्त मंडल चूरू की ओर से फागोत्सव के तहत सोमवार 24 फरवरी को स्थानीय श्री राम मन्दिर में कर ले श्याम से बात कार्यक्रम के अंतर्गत द्वितीय श्री श्याम संकीर्तन व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 24 फरवरी को सांय 07 बजे से बाबा श्याम का भव्य कीर्तन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में कोलकाता के शुभम-रूपम, लक्ष्मणगढ़ के प्रेम शर्मा, भिवानी के निखिल अग्रवाल व चूरू के मेहुल शर्मा और अनुज गोयल अपनी मधुर वाणी से भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। इस दौरान बाबा श्याम का अलौकिक दरबार सभी के आकर्षण का केंद्र रहेगा। कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने मुख्य बाजार में व्यापारियों को निमंत्रण देकर अधिकाधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया।

## शिविर का 185 लोगों ने लाभ उठाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनूं में संपन्न हुआ। शिविर में 185 रोगियों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चैयरमेन नागरमल जांगिड़, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, देवेंद्र कुमार गौड़, प्रदीप कुमार शुक्ला, डॉ. मूलसिंह, प्रमोद कुमार व काफी संख्या में गणमान्य जन व डॉक्टर्स टीम उपस्थित रहे।

## चौमाल विप्र फाउंडेशन युवा अध्यक्ष बने

**रतनगढ़** (निसं)। विप्र फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्रा के आदेशानुसार प्रदेश संगठन महामंत्री दिनेश ओझा व प्रदेश महामंत्री भरत शर्मा के निर्देशानुसार विप्र फाउंडेशन (युवा प्रकोष्ठ) जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने जिले में कार्यकारणी का विस्तार करते हुए रतनगढ़ के युवा सामाजिक कार्यकर्ता मनोहर चौमाल को रतनगढ़ शहर अध्यक्ष पद पर एक वर्ष के लिए मनोनीत किया। चौमाल के मनोनयन से विप्र फाउंडेशन समाज में मजबूती मिलेगी संगठन की रीति नीति से समाज के प्रति विश्वास की भावना जागृत होगी। मनोनयन से समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। चौमाल विभिन्न सामाजिक संगठन में अपनी सेवा दे चुके है

## डीआईजी यादव का स्वागत किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की ओर से सीकर उप महानिरीक्षक पुलिस आईपीएस भुवन भूषण यादव का स्वागत अभिनंदन किया गया। उन्हें विशेष अभियान मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाई जाने वह सक्रिय भूमि निभाने के जज्बे को सल्लूयट करते हुए उनको साफा, शॉल, दुपट्टा एवं माल्यार्पण के साथ अभिनंदन पत्र भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि इस अवसर पर ओम कामदार, संतोष भगेरिया, संजय मोर, हरीश शर्मा, अभय एवं विशाल उपस्थित थे। जिन्होंने यादव का सम्मान किया।

# वार्षिकोत्सव पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

**चूरू** (निसं)। पीएम श्री राजकीय बागला उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी गोपाल दास राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य चंपालाल वर्मा थे। विशिष्ट अतिथि समसा एपीसी हरिप्रसाद शर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश कुमार सोनी ने की।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये प्राचार्य वर्मा ने कहा कि आगामी बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय व माता-पिता का नाम रोशन करें। एपीसी हरिप्रसाद शर्मा ने कहा कि वर्तमान युग में युवा पीढ़ी जागरूक होकर देश को गौरवान्वित करें। इस दौरान अतिथियों ने अध्यापिका कौशल्या शर्मा, प्रयोगशाला सहायक सुमनलता व सांस्कृतिक गतिविधि प्रभारी व्याख्याता मंजू कुमारी का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्काउट व एनएसएस के स्वयंसेवकों को



पीएम श्री राजकीय बागला उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह पूर्वक आयोजित किया गया।

भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया।

उपप्राचार्य हंसा शर्मा व विजयपाल धुआं ने टॉपर विद्यार्थी धोनी, अंकित गहनोलिया व निहार शर्मा को सम्मानित किया। इस दौरान दीपचन्द, रामकुमार, अलका गोगल, गायत्री प्रजापति, अख्तर अली, चन्दगी दूत, रेणु सुईवाल, कौशल्या शर्मा, भंवरी मोगा, सुमन लता, मंजू मील, राजेन्द्र सिंह आदि शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य महेश कुमार सोनी ने आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया। जगदीश प्रसाद व विनोद ने कार्यक्रम में सहयोगी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन रमेश पूनिया ने किया।

## भजन संध्या आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। सोमानी गैस एजेंसी के पास श्री श्याम बाबा मंदिर परिसर में यूनिक सखियां समूह द्वारा भव्य भजन संध्या, फागोत्सव व एक शाम लखदातार के नाम कार्यक्रम का गुरुवार को आयोजन किया।

कार्यक्रम में बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाकर आलौकिक श्रृंगार किया गया तथा अखंड ज्योति, इत्र वर्षा,पुष्प वर्षा,गजरा नृत्य,राधा कृष्ण की झांकी,धमाल व रंगों और फूलों की होली विशेष आकर्षण का केंद्र रही। आयोजन उपरांत उपस्थित सभी श्याम प्रेमियों को प्रसाद वितरित किया गया। यूनिक सखियां ग्रुप की अध्यक्ष श्रीमती नीतू ढंढ ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में यूनिक सखियां ग्रुप की श्वेता जोशी,सुमन पासोरिया, सुनिता पारिक, मधु मिश्रा, सरस्वती जालान, शारदा शर्मा व बडी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं उपस्थित रहीं।कार्यक्रम में कुसुम शर्मा, निलीमा शर्मा, लक्ष्मी नितेश गौतम व संध्या छावछरियां ने बाबा के दरबार में शानदार भजनो की प्रस्तुतियां दी।

# नीमकाथाना जिला निरस्त करने के विरोध में धरना जारी

**पाटन** (निसं)। नीमकाथाना जिला निरस्त किए जाने के विरोध में ग्राम पंचायत घासीपुरा में आज क्रामिक भूख हड़ताल का आयोजन किया गया।

इस धरने में कैलाश स्वामी, महेन्द्र गुर्जर, रामशरण पूर्व डेलीगेट, केदार गुरुजी, इन्द्राज पंच, ग्यारसी लाल रेला, तेजपाल यादव, हजारीलाल रेला, प्रभुदयाल कुमावत, राजकुमार मीणा, रोहिताश यादव, गिरीराज गुर्जर, मालाराम मीणा सहित ग्रामवासियों ने भाग लिया।

इन सभी ने नीमकाथाना जिले को वापस बनाए जाने की मांग करते हुए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और टायर जलाकर विरोध किया।

धरने में शामिल नेताओं ने कहा कि नीमकाथाना को जिला बनाए जाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी, लेकिन सरकार ने इसे निरस्त करके जनता के साथ अन्याय किया है।

कैलाश स्वामी ने कहा, "वर्तमान सरकार ने बिना किसी स्पष्ट कारण के नीमकाथाना जिले को निरस्त किया है। यह जनभावनाओं के खिलाफ है और जनता में गहरा आक्रोश पैदा कर रहा है।'

महेन्द्र गुर्जर ने कहा, "यह आंदोलन केवल प्रशासनिक फैसले का विरोध नहीं है, बल्कि यह सरकार को जनहित और संवेदनशील निर्णय लेने की आवश्यकता का संकेत भी है। यदि सरकार ने इस मुद्दे को नजरअंदाज किया, तो यह भविष्य में बड़े संकटों को जन्म दे सकता है।

श्रीराम यादव ने गीत के माध्यम से भी इस मुद्दे को उठाया और कहा कि यदि सरकार ने इस विषय पर ध्यान नहीं दिया तो यह न केवल नीमकाथाना, बल्कि पूरे सीकर संभाग में असंतोष और उपेक्षा की भावना को बढ़ावा देगा। इससे सरकार की नकारात्मक छवि बनेगी और उसकी स्थिति कठिन हो सकती है।

जिला बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य मालाराम वर्मा, श्रीराम यादव, कृष्ण यादव, बसंत यादव, नरेश टेलर, मीडिया प्रभारी सहित अन्य कार्यकर्ता भी आंदोलन में शामिल रहे और नीमकाथाना जिले की बहाली की मांग की। समर्थन में देवकरण मीणा, राधेश्याम धानका, रामकुमार भगत, कबूलचन्द कोलाकीनांगल, बहादुर गुर्जर, महेन्द्र रैला, मंगल सैनी, रामस्वरूप हवलदार, किशोरी धानका, और हिरालाल गुर्जर भी शामिल हुए।यह धरना और आंदोलन नीमकाथाना जिले की बहाली की एक नई उम्मीद जगा रहा है, और यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार इस मामले में उचित कदम नहीं उठाती।

# नई राष्ट्रीय कृषि बाजार नीति के खिलाफ जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन

**झुंझुनूं,** (निसं)। शुक्रवार को राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत नई राष्ट्रीय कृषि बाजार नीति के विरोध में अखिल भारतीय किसान महासभा की तरफ से शहीद भगतसिंह पार्क झुंझुनूं से किसान रैली निकाल कर सामुदायिक विकास भवन के आगे से एक नंबर रोड होते हुए किसान रैली जिला कलेक्ट्रेट पर पहुंची तथा जिला कलेक्ट्रेट के गेट के सामने विरोध प्रदर्शन किया।


राष्ट्रीय कृषि बाजार नीति के विरोध में अखिल भारतीय किसान महासभा की तरफ से किसान रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया।

किसान रैली में नई राष्ट्रीय कृषि बाजार नीति वापस लो, एमएसपी को कानूनी गारंटी दो, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश अनुसार फसल की लागत का डेढ गुणा भाव तय करो, झुंझुनूं जिला में यमुना नहर के लिए राज्य सरकार बजट का प्रावधान करो, चनाना में उप तहसील व पंचायत समिति मंजूर करो, जिले की खेतड़ी, उदयपुरवाटी सहित सभी तहसीलों की 2022-23 की रबि फसलों के खराबे का मुआवजा दो, बिजली सुधार कानून 2023 वापस लो, 150 यूनिट प्रतिमाह बिजली छूट में सोलर पैनल की बाध्यता खत्म करो, ओलावृष्टि से प्रभावित तोगड़ा खुर्द, कुमावास व मणास सहित तमाम ग्रामों की फसलों के नुकसान का सर्वे कर अविलंब मुआवजा दो, भैंस के दुग्ध का 80 रुपए प्रति लीटर व गाय के दुग्ध का 60 रुपए प्रति लीटर भाव तय करो, उच्च क्षमता की विद्युत लाइन के टॉवरों से प्रभावित खेती वाले किसानों को बाजार भाव से दुगूनी कीमत का मुआवजा दो आदि नारे लगा रहे थे। राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को प्रतिनिधिमंडल की तरफ से बीस सूत्री मांग पत्र का ज्ञापन दिया गया।

कामरेड ओमप्रकाश झारोडा की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट पर आयोजित किसान सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड फूलचंद ढेवा, राष्ट्रीय सचिव कामरेड रामचंद्र कुलहरि, जिलाध्यक्ष कामरेड ओमप्रकाश झारोड़ा, जिला उपाध्यक्ष कामरेड इंद्राज सिंह चारावास, रामस्वरुप मणकश, रामसिंह सारी, अनिल उर्फ टोनी सरपंच खुडौत, सुरेश महला, रोतास काजला, अमर सिंह चाहर, सूबेदार मेजर मेघसिंह, रामनारायण ढेवा, सुभाष, सूबेदार बजरंग, बहादुरमल, हरिओम पिलानी, रामचंद्र खेडला, धर्मचंद घूमनसर, प्रेमसिंह नेहरा, रविंद्र पायल, जयसिंह कुलहरि, जगदीश, त्रिलोक सिंह डूडी आदि ने संबोधित किया। सभा में शनिवार 22 फरवरी को सभी ग्रामों में नई राष्ट्रीय कृषि बाजार नीति की प्रतियां जलाने की घोषणा की गई।

## एसडीएम कार्यालय के सामने धरना दिया

**नवलगढ़,** (निसं)। अखिल भारतीय किसान सभा व 765 केवीए किसान संघर्ष समिति के बैनर के नीचे एसडीएम कार्यालय के सामने किसानों ने धरना देकर अपना आक्रोश जताया। किसानों ने अपनी मांगों को लेकर कार्यालय के सामने नारेबाजी कर अपनी मांगों से उपखंड अधिकारी को अवगत करवा कर ज्ञापन सौंपा। तहसील में हो रही 765 केवीए हाइटेंशन विद्युत लाइनों को लेकर किसान काफी आक्रोशित हुए किसान नेता गोविंदराम जेदिया ने कहा राजस्थान सरकार किसान विरोधी है। किसानों के हितों कुठाराघात कर रही है। जो बर्दाश्त नहीं करेंगे। अखिल भारतीय किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र कुलहरि ने कहा जब तक 765 केवीए हाई टेंशन लाइन से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा नहीं दिया जाएगा। तब तक खेतों से लाइन नहीं डालने देंगे तथा पोल खड़े नहीं करने देंगे। चाहे किसानों को सरकार के प्रशासन से सख्ती से पेश आना पड़े। किसानों को चाहिए जेल जाना पड़े। भारत की कम्यूनिस्ट मार्क्सवादी पार्टी के तहसील सचिव धनाराम सैनी ने धरने पर बैठे लोगों को अपनी कविता के माध्यम से बताया कि सरकार पूंजीपति हितैषी है और किसान गरीब मजदूर विरोधी है। जो पूंजीपतियों से मिलकर अलग-अलग तरीके से किसान मजदूर गरीब का शोषण कर रही है।

# स्वर्ण जयंती श्याम महोत्सव का शुभारंभ

**चूरू** (निसं)। शहर के प्रतिभा नगर स्थित श्री श्याम मंदिर के स्वर्ण जयंती श्याम महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को नानी बाई रो मायरो से हुआ। छह दिवसीय आयोजन के प्रथम चरण में 21 से 23 फरवरी तक नानी बाई रो मायरो का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में शुक्रवार को मायरा वाचक भगवती गोस्वामी ने अपनी मधुर वाणी से एक से बढ़कर एक प्रसंग सुनाकर उपस्थित श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। पुजारी संतोष बुढाढरा ने बताया कि श्री श्याम मित्र मण्डल की ओर से होने वाले इस छह दिवसीय कार्यक्रम के तहत बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। इत्र वर्षा, छप्पन भोग की झांकी, नृत्य नाटिका व नासिक के बैंड वादन की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण होंगी। बुढाढरा ने बताया कि 22 फरवरी को सांय 7:15 बजे भव्य सुंदरकांड पाठ, 24 फरवरी को पंच कुंडीय महायज्ञ, 25 फरवरी को श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ व 26 फरवरी को श्री श्याम की भव्य निशान यात्रा व शोभायात्रा निकाली जाएगी। पाठ का वाचन आशीष शर्मा व मनीष राज खांडल करेंगे। नानी बाई रो मायरों कथा में शुक्रवार को बडी संख्या में शहर के महिला-पुरूषों ने भाग लिया।


शहर के प्रतिभा नगर स्थित श्री श्याम मंदिर के स्वर्ण जयंती श्याम महोत्सव का शुभारंभ नानी बाई रो मायरो से हुआ।

सार-समाचार

## पोस्टर का विमोचन किया

**सीकर** (निसं)। टोडी माधोपुरा, सीकर में श्री बालाजी रामानुज सिद्धपीठ धाम में संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व श्रीमद् जगतगुरु श्री रामानुजाचार्य महंत स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सानिध्य में पोस्टर विमोचन किया गया। इस पावन अवसर पर धर्म प्रेमियों, एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कथा महोत्सव में श्रद्धालु को श्रीमद्भागवत महापुराण के दिव्य प्रसंगों का रसपान करवाया जाएगा यह आयोजन आध्यात्मिक भक्तिभाव से ओत-प्रोत रहेगा इस आयोजन को लेकर महंत अवधेश आचार्य महाराज ने बताया कि यह पोस्टर का विमोचन हर ढाणी गांव शहर में किया जाएगा और पीले चावल वितरण कर निमंत्रण भी दिए जाएंगे सभी इस आयोजन में आकर श्रीमद् भागवत गीता महापुराण का रसपान करें और टोडी माधोपुर बालाजी धाम में पधार कर भगवान बालाजी महाराज का आशीर्वाद ग्रहण करें इस सप्त दिवसीय आयोजन में आने को श्रद्धालु साधु संत महानुभाव सनातन प्रेमी उपस्थित होंगे और इस आयोजन में भेरूजी मंदिर टोडी से भाव कलश यात्रा 16 मार्च प्रातः काल सुबह 9:15 प्रारंभ होगी और बगड़ियों की की ढाणी से होते हुए माधोपुर बालाजी धाम तक यात्रा आकर श्रीमद् भागवत गीता महापुराण का आयोजन प्रारंभ होगा इस पोस्टर विमोचन के आयोजन में घासीराम कुमावत, भगवान राम कुमावत, प्रभु राम कुमावत, चौथमल कुमावत, रतन लाल मास्टर तुलसाराम कुमावत, भंवर लाल कुमावत, बलदेव सिनोलिया, गिरीश, खांडल, राजू चौधरी, संदीप कुमावत, शुभम कुमावत, आशीष कुमावत पूरणमल, नानूराम, छीगन लाल कुमावत, किट्टू, नितेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## योजनाओं की समीक्षा की

**झुंझुनूं,** (निसं)। ब्लॉक नवलगढ़ में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत' बनाने के एजेंडे पर चर्चा करते हुए अब तक की प्रगति की समीक्षा की गई। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि सरकार का लक्ष्य है कि सभी ग्राम पंचायतों को 24 मार्च तक टीबी मुक्त घोषित किया जाए। उन्होंने टीबी मुक्त पंचायत के इंडीकेटर्स के बारे में समझाया। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी सीएचसी, पीएचसी प्रभारियों एएनएम स्टाफ को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनाने उन्हें प्रेरित कर टीबी का ईलाज ले रहे लोगों को गोद देने व प्रोत्साहन देने के लिए प्रेरित करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में जिन संस्थाओं पर संस्थागत प्रसव कम हो रहे हैं। उनके स्टॉफ को डिलीवरी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बीसीएमओ डॉ. प्रहलाद ने बताया कि टीकाकरण और एएनसी के गैप को शून्य करने ऑनलाइन एंट्री करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा और जांच योजना की समीक्षा कर दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आयुष्मान कार्ड वितरित और ई केवाई की समीक्षा की गई। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने ब्लॉक की सभी सीएचसी पर उपलब्ध विषय विशेषज्ञ की आईडी मैप करवाकर दिव्यांगजनों को मेडिकल सर्टिफिकेट जारी करने के निर्देश दिए गए।

## भजन संध्या का आयोजन

**चिड़ावा** (निसं)। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बाबा भूतानाथ सेवा समिति, चिडावा के तत्वावधान में खेतडी रोड़ स्थित भूतनाथ मंदिर प्रांगण में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए समिति के आशीष अग्रवाल गाड़खेड़ावाले ने बताया की शिवरात्रि की शाम को होने वाली भजन संध्या में गायक कलाकार कुशाल और सिद्धार्थ अपनी सुमधुर आवाज़ में भक्तिमय प्रस्तुति देंगे। भजन संध्या रात्रि 8:00 बजे से प्रारंभ होगी, जिसमें श्रद्धालु शिव भक्ति में लीन होकर भजनों का आनंद उठा सकेंगे। इससे पूर्व शाम को 7:15 बजे महा आरती होगी। बाबा का आलौकिक फूलों से श्रृंगार किया जाएगा व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में बाबा भूतानाथ के दरबार में पहुंचकर भजन-कीर्तन का आनंद लेने की अपील की है।

## उपकरण चिन्हीकरण शिविर 25 को

**झुंझुनूं,** (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से पंचायत समिति झुंझुनूं सभागार में 25 फरवरी को विशेष योग्यजन अथवा दिव्यांगों के लिए सहायता उपकरण चिह्नकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी चरणकमल चौधरी ने बताया कि शिविर में दिव्यांगों को व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, बैशाखी, हियरिंग ऐड, वाकिंग स्टीक, स्मार्ट केन एवं अन्य उपकरण देने के लिए पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन के लिए दिव्यांग को अपने साथ आधार कार्ड, जनआधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, पेंशन पीपीओ अथवा आय प्रमाण पत्र एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य है।

## ट्यूबवेल की केबल चोरी

**चिड़ावा** (निसं)। क्षेत्र में लगातार सार्वजनिक ट्ययूबवैलों की केबल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। ताजा मामले में चोरों ने वार्ड 19 के सार्वजनिक कुएं की केबल चोरी कर ली। पार्षद निखिल चौधरी ने बताया कि चिड़ावा कॉलेज के पीछे बने ट्ययूबवैल की करीब 20 फीट लंबी केबल को चोरों ने चुरा लिया। जिस कारण ट्ययूबवैल से लगते घरों में पेयजल संकट पैदा हो गया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक तौर पर केबल चोरी की करतूत किसी असामाजिक तत्वों की लग रही है।

## खाटूश्याम पदयात्रा तीन मार्च को

**झुंझुनूं,** (निसं)। श्री श्याम सेवा समिति नूआं के तत्वावधान में श्याम भक्तों की विराट 46वीं निशान पदयात्रा श्री श्याम मंदिर नूआं से तीन मार्च को प्रातः 5:15 बजे मंदिर आरती के पश्चात रवाना होकर खाटू धाम जाएगी। समिति अध्यक्ष एवं मंदिर संचालक श्यामसुंदर जालान ने बताया कि सतरंगी फागुन मेले के उपलक्ष में 11 दिवसीय वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत हर वर्ष की भांति अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## आज विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। 220 केवी जीएसएस मानासी और 132 केवी जीएसएस आंतरोली में मरम्मत कार्य होने के कारण वहां से निकलने वाली सभी 33 केवी लाइन की विद्युत आपूर्ति कल शनिवार को चार घंटे बंद रहेगी। निगम के कनिष्ठ अभियंता संजेश मंडीवाल ने बताया कि इस कारण सम्पूर्ण लक्ष्मणगढ़ शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र में नरोदड़ा, आंतरोली, बासनी आदि गाँवों और आसपास के क्षेत्रों मे विद्युत सप्लाई सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक बंद रहेंगी।


उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरि.मंडल बिजली इंजीनियर/सामान्य,उ.प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते है। 1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता : http://www.ireps.gov.in 2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय : 13.03.2025 को 15.00 बजे तक 3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय : 13.03.2025 को 15.00 बजे के बाद निविदा सं.: 13-इलेक्ट/बीकेएन/ई-निविदा/2024-25 कार्य का विवरण : Provision of Air Conditioners on hiring basis at officer's Rest House Complex Hailey road, officer's rest House and TTE Running room in Delhi area over Bikaner division for the period of 03 years. अनुमानित लागत : ₹ 24,94,195.20/- धरोहर राशि : ₹ 49,900/- निविदा दस्तावेज लागत : Nil

218-DR/25

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें



कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2025/ दिनांकः-........

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री राजेश कुमार पुत्र श्री भजनलाल नारंग निवासी श्री गंगानगर अपने आवेदन कर अपने आवासीय भूखंड सैक्टर आवासीय निकट धान मण्डी भूखंड सं. 62 साईज 80 गुणा 120 में से 30 गुणा 60 फीट यानि 167.28 वर्गमीटर का नामान्तरण अपने नाम से नगरपालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। उक्त भूखंड का मूल पट्टा श्री विजय कुमार, श्री गिरधारीलाल पुत्र श्री विलायती राम अग्रवाल के नाम से 80 गुणा 120 फुट का जारीशुदा है। पूर्व पालिका आदेश क्रमांक 1664 दिनांक 14.06.2012 द्वारा उक्त भूखंड में से साईज 30 गुणा 75 फुट श्रीमती अंजू पत्नी श्री तोलाराम के नाम से जारीशुदा है। श्रीमती अंजू देवी ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 05.02.2025 के द्वारा उक्त भूखंड में से 30 गुणा 60 फुट श्री राजेश कुमार पुत्र श्री भजनलाल नारंग को बेचान कर दिया। जिसका नामान्तरण प्रार्थी अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते हैं। अंत उक्त आवासीय भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर



कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2025/ दिनांकः-........

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री दीपक कुमार, श्री अजय कुमार, श्री सुनील कुमार, श्री पंकज कुमार पुत्र श्री मांगीलाल अग्रवाल निवासी रावतसर अपने दस्तबरदारी से प्राप्त व्यवसायिक भूखंड सैक्टर धान मंडी भूखंड सं. 01 साईज 22.5 गुणा 30 व 15 गुणा 45 का टुकड़ों में नामान्तरण अपने नाम से नगरपालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते हैं। उक्त भूखंड का मूल पट्टा श्री जगदीश प्रसाद पुत्र श्री कनीराम व श्री बंशीधर पुत्र श्री चानन मल के नाम से जारीशुदा है। श्री बंशीधर ने अपने आधे हिस्से में से भूखंड साइज 22.5 गुणा 30 व 15 गुणा 45 फुट श्री मांगीलाल को बेचान कर दिया। श्री मांगीलाल की मृत्यु दिनांक 02.09.2019 को हो चुकी है। श्रीमती सुमित्रा देवी पत्नी श्री मांगीलाल ने उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत दस्तबरदारी 24.06.2024 को उक्त भूखंड अपने पुत्रों श्री दीपक कुमार, श्री अजय कुमार, श्री सुनील कुमार, श्री पंकज कुमार पुत्र श्री मांगीलाल को दान कर दिया। जिसका नामान्तरण प्रार्थी अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते हैं। अतः उक्त व्यवसायिक भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर